Q:- ① What is caste system? Explain the function of caste in Rural India.

Ans → ग्रामीण भारत में जाति व्यवस्था की जड़ें इतनी मजबूत हो गई हैं कि इसके बिना ग्रामीण सामाजिक संरचना की विवेचना नहीं कि जा सकती है। जाति व्यवस्था जन्म के आधार पर व्यक्ति की प्रस्थिति, भूमिका तथा सुविधाओं का निर्धारण करती है। अधिकांश पश्चिमी विचारकों ने जाति शब्द को पुर्तगाली शब्द Casta से सम्बंधित माना है। जिसका अर्थ प्रजाति अथवा प्रजाति भेद है। भारतीय संदर्भ में जाति शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के ~~...~~ शब्द जात: से माना जाता है क्योंकि जाति एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें व्यक्ति के जन्म अथवा जन्म के परिवार को अधिक महत्व दिया जाता है। केतकर ने जाति को परिभाषित करते हुए कहा है कि जाति एक सामाजिक समूह है जिसमें एक विशेष जाति की सदस्यता केवल उन्हीं व्यक्तियों को मिलती है जिसमें उसने जन्म लिया है। एन० के० दत्त ने सम्पूर्ण जाति व्यवस्था को कुछ प्रमुख विशेषताओं के आधार पर स्पष्ट किया है। उनके अनुसार जाति एक ऐसी व्यवस्था है जिसके अंतर्गत

(1) एक जाति को कोई सदस्य अपनी जाति के बाहर विवाह नहीं कर सकता है।

(2) एक जाति के सदस्यों पर अन्य जातियों के सदस्यों के साथ खान-पान के क्षेत्र में अनेक प्रतिबंध हैं। सभी जातियों के लिए यह प्रतिबंध समान नहीं है।

(3) अधिकांश जातियों के अपने निश्चित व्यवसाय होते हैं।

(4) सभी जातियों के बीच ऊँच-नीच की भावना है, जिसमें ब्राह्मणों की स्थिति सर्वोच्च है।

(5) व्यक्ति की जाति उसके जन्म पर निर्धारित होती है।

(6) सम्पूर्ण जाति व्यवस्था ब्राह्मणों की प्रतिष्ठा पर आधारित है।

जाति प्रथा के कार्य :-

(1) सामाजिक सुरक्षा :→ जाति व्यक्ति को सामाजिक